हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 16.8 डिग्री
न्यूनतम 10.5 डिग्री

9 काला कानून वापस नहीं लेने तक धरना रहेगा जारी




10 ग्रोवर व बतरा के दौरे का असर, कच्चा बेरी रोड ...






## शहर में आज

- जाट शिक्षण संस्था के पूर्व प्रधान राज सिंह नांदल पत्रकार वार्ता करेंगे मैना टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में दोपहर 12 बजे
- संकट मोचन मंदिर से कलश यात्रा दोपहर 1 बजे से
- राजीव गांधी विद्युत भवन में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं जाएंगी सुबह 10 से 2 बजे तक
- सनसिटी फ्लाईओवर के पास भारतीय जनता पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन दोपहर 12 बजे
- जाट एजुकेशन सोसाइटी स्थिति चौ. देवी यज्ञशाला में हवन सुबह 9 बजे
- मदवि के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च द्वारा कार्यशाला का दूसरा दिन

## राज्य में फिर सक्रिय होंगे दो पश्चिमी विक्षोभ, बदलेगा मौसम

# एक महीने तक पड़ी हाड़ जमाने वाली सर्दी, अब राहत शुरू, 31 से 3 तक बूंदाबांदी के आसार

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक



अब दिन में भी हाड़ जमाने वाली ठंड से राहत मिलनी शुरू हो गई है। अब उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले दिनों में तापमान सामान्य स्थिति में पहुंच जाएगा। बीते शनिवार को तापमान सामान्य की ओर अग्रसर हो रहा था कि इसी बीच रविवार को धूप नहीं निकली तो फिर से पारा ने गोता लगाया। अधिकतम पारा 16 और न्यूनतम 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन का तापमान सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस कम था। सोमवार को धूप निकली तो पारा में 2.3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। दोपहर अढ़ाई बजे तापमान 18.3 डिग्री दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विभाग ने बताया है कि तापमान में हो रही बढ़ोतरी के बीच हरियाणा में 31 जनवरी से लेकर 3 फरवरी तक पश्चिमी विक्षोभ की गतिविधियां भी होने जा रही हैं। जिससे कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होने के आसार हैं। बीते शनिवार को चमकीली धूप निकली। करीब सात-आठ घंटे तक सूरज ने आभा बिखेरी। उम्मीद थी कि अब तो सर्दी से राहत मिलनी शुरू हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रविवार को फिर से मौसम पहले वाली स्थिति में आ गया। दिनभर में मुश्किल ये दो अढ़ाई घंटे ही धूप नहीं निकली। पूर्वा हवाओं के झौकों ने लोगों की कंपकंपी छुटवा दी। ऐसा असहनीय मौसम कोई पांच-दस दिन से नहीं है। बल्कि अब तो एक महीने से भी ज्यादा हो गया जब दिन-रात के तापमान सामान्य से कम हैं। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक बीते शनिवार को रोहतक का अधिकतम पारा 20.1 और न्यूनतम 7.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अधिकतम पारा सामान्य से 2 और न्यूनतम 1 डिग्री सेल्सियस कम थे। इस मौसम में जब भी पारा सामान्य से कम होता है, तो सर्दी हाल-बेहाल कर देती है।

### दिन का तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम हो गया

भारतीय मौसम विभाग से प्राप्त डाटा के मुताबिक 27 दिसंबर को रोहतक का अधिकतम तापमान 22.8 और न्यूनतम 4.6 डिग्री सेल्सियस था। इसके अगले चौबीस घंटे में ही 28 को अधिकतम पारा 6.2 डिग्री सेल्सियस लुढकते ही सर्दी ने हाय तौबा मचा दी। दिन का तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम हो गया। अगले दिन 29 दिसंबर को पारा थोड़ा बढ़ा और ये सामान्य से 0.8 डिग्री कम रहा। उसके बाद अब एक महीना हो चुका है। लेकिन पारा सामान्य नहीं हो रहा है और जब तक तापमान सामान्य नहीं होगा, तब तक सर्दी कम नहीं होगी। बीते दो तीन दिन से अब मौसम में आंशिक रूप से बदलाव महसूस किया जा रहा है।

दिसंबर 2023

| दिनांक | अधिकतम तापमान | सामान्य से कम | दिनांक | अधिकतम तापमान | सामान्य से कम |
|---|---|---|---|---|---|
| 28 | 16.6 | 3.1 | 13 | 15.2 | 4.1 |
| 29 | 19.0 | 0.8 | 14 | 16.4 | 3.1 |
| 30 | 14.08 | 4.6 | 15 | 17.0 | 2.1 |
| 31 | 15.0 | 3.8 | 16 | 16.0 | 2.7 |
| जनवरी | 2024 | | 17 | 14.2 | 4.2 |
| 1 | 13.2 | 5.4 | 18 | 10.2 | 8.5 |
| 2 | 11.8 | 7.3 | 19 | 13.0 | 5.9 |
| 3 | 10.4 | 8.3 | 20 | 12.4 | 6.9 |
| 4 | 12.0 | 6.7 | 21 | 15.4 | 3.9 |
| 5 | 12.8 | 6.1 | 22 | 10.4 | 9.0 |
| 6 | 11.6 | 7.6 | 23 | 15. | 4.6 |
| 7 | 10.4 | 8.1 | 24 | 13.2 | 6.3 |
| 8 | 10.4 | 8.1 | 25 | उपलब्ध नहीं | |
| 9 | 12.4 | 5.8 | 26 | उपलब्ध नहीं | |
| 10 | 11.8 | 6.6 | 27 | 20.1 | 1.7 |
| 11 | 13.8 | 5.2 | 28 | 16.0 | 6.0 |
| 12 | 15.6 | 3.6 | | | |

### 3 फरवरी तक के मौसम का अनुमान ये

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि राज्य में 31 जनवरी तक खुश्क रहेगा। इस दौरान हल्की गति से शीत हवाएं चलने की संभावना है। जिससे राज्य में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी रहने परंतु रात्रि तापमान में हल्की गिरावट होगी। इस दौरान ज्यादातर क्षेत्रों अलसुबह कोहरा पड़ेगा। इसके बाद 31 जनवरी से लेकर 3 फरवरी तक प्रदेश में एक के बाद एक, दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे। जिनका ज्यादा असर नहीं रहेगा। ज्यादातर क्षेत्रों में बीच बीच में आंशिक बादल छाएंगे। हवाओं और गरज चमक के साथ कहीं कहीं बूंदाबांदी हो सकती है, ये पूर्वानुमान सोमवार को जारी किया गया है।

## सस्ती शराब बेचने पर शांतमई चौक का ठेका 3 दिन के लिए सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आबकारी विभाग ने शांतमई चौक स्थित ठेके पर सस्ती शराब बेचने के मामले में कार्रवाई करते हुए सील कर दिया है। कुछ दूसरे ठेकेदारों ने ही सस्ती शराब बेचने की शिकायत आबकारी विभाग के अधिकारियों को दी थी। इस पर विभाग ने ठेके को तीन दिन के लिए सील कर दिया। विभाग की ओर से ठेकेदारों को चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा ऐसा किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि शांतमई चौक स्थित शराब के ठेकों पर कई दिन से सस्ती शराब बेची जा रही थी। उन्होंने ठेके पर भारी छूट का बैनर भी लगाया हुआ था। अन्य ठेकों की अपेक्षा ठेके पर हर बोतल पर काफी ज्यादा छूट दी जा रही थी। वहीं महंगे ब्रांड के दाम में भी काफी अंतर था। जिससे इन ठेकों पर लोगों की भीड़ लगी रहती थी। इस वजह से दूसरे ठेकों पर ग्राहक कम पहुंच रहे थे। दूसरे ठेकेदारों व शराब कारोबारियों को जब इसका पता चला तो उन्होंने इसकी शिकायत आबकारी विभाग को कर दी। इसके बाद विभाग की टीम ने सोमवार को ठेके का मुआयना किया। जांच में आरोप सही मिलने पर विभाग ने कार्रवाई करते ठेके तीन दिन के लिए सील कर दिए हैं। वहीं ठेकेदार को भविष्य के लिए चेतावनी भी दी गई है।



रोहतक। बंद पड़ा ठेका।


रोहतक। सील।

### शराब बेचने के लिए तय हैं नियम

दरअसल आबकारी विभाग की ओर से शराब बेचने के लिए जब ठेका दिया जाता है, तब ठेकों पर शराब बिक्री के नियम बनाए जाते हैं। यह अलग अलग लोकेशन के अनुसार अलग होते हैं। इन नियमों से बाहर जाकर कोई कारोबारी शराब नहीं बेच सकता है। विभिन्न किस्म की देसी व अंग्रेजी शराब के दाम भी इसी के अनुसार तय किए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने घोषित किए परिणाम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2023 में आयोजित एमएससी-फिजिक्स चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर, सीबीसीएस की एमकॉम, एमसीए व एमए-एप्लाइड साइकोलोजी के चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएस सिन्धु ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**सांपला।** हाईवे नंबर 9 पर रविवार की देर शाम सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि उसका भाई घायल हो गया । घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के भाई वार्ड नंबर 2 निवासी जगत राम की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के हवाले कर दिया।

### नशीले पदार्थ सहित युवक को किया काबू

**रोहतक।** पुलिस ने नशीले पदार्थ सहित युवक को काबू किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी आईएमटी सुशील कुमार ने बताया कि बीके ओटोमैटिक फ़ैक्टरी के अपोजिट साइड में चाय के खोखे के पास खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान ललित निवासी खेड़ी साध के रूप में हुई। तलाशी लेने पर युवक के पास से 460 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

## बिना लाइसेंस चल रही दो दुकानों के चालान, खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



खाद्य एवं सुरक्षा विभाग और सीएम फ्लाइंग की टीम ने सोमवार को कई जगहों पर डेयरी की दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। इस दौरान टीम को दो दुकानें बिना लाइसेंस चलती मिली। दोनों दुकानों का चालान कर दिया गया है। टीम की इस कार्रवाई से मिलावटखोरों और घटिया खाद्य सामग्री बनाने वालों में हड़कंप मचा रहा। खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डॉ. पवन चहल ने चेतावनी दी है कि घटिया और मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। सभी दुकानदार लाइसेंस बनवाएं और शुद्ध सामग्री का ही इस्तेमाल करें। सोमवार को डॉ. पवन चहल ने टीम बनाई और सहायक सुनील और संदीप को शामिल किया। उनके साथ सीएम फ्लाइंग की टीम भी रही। टीम भिवानी चुंगी, कृष्णा कॉलोनी और बहुअकबरपुर पहुंची। भिवानी चुंगी के पास दो दुकानों के चालान किए गए। कृष्णा कॉलोनी में एक बेकरी और बहुअकबरपुर में अमूल गोदाम का निरीक्षण किया। दोनों जगहों से टीम ने देशी घी, केक, पैक्ड दूध, ताजी क्रीम, जैविक चावल, मैंगो ड्रिंक के सैंपन सील किए। अब इन सैंपल को जांच के लिए लैब में भिवा दिया है।

### पत्रकारों से बातचीत में बोले भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी

## ईडी स्वतंत्र एजेंसी, अधिकारी नियमों के अनुसार ही करते हैं पूछताछ

- लोकसभा चुनाव जीत को एतिहासिक बनाने को रोहतक में हुई भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने सोमवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात की। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि ईडी स्वतंत्र एजेंसी है और उनके अधिकारी किससे बात करते हैं, ये उनका अपना मामला है। इसे पार्टी से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। सैनी ने कहा कि 2014 से पहले की कांग्रेस सरकार में नौकरियों के रेट तय होते थे। पूर्व सीएम हुड्डा के हरियाणा नंबर-1 के बयान पर पूछे गए सवाल पर सैनी ने कहा कि हुड्डा के शासनकाल के दौरान हरियाणा किसानों को दो रुपये के चेक देने में नंबर-1 था। प्रदेश में विकास के नाम पर भेदभाव करने में भी नंबर-1 था। कांग्रेस के शासनकाल में जो दलितों पर अत्याचार हुए उसमें भी हरियाणा नंबर-1 था। सैनी ने कहा कि कांग्रेस के नेता वोटों के लिए झूठ बोलते आए हैं। पूर्व सीएम हुड्डा बोलते थे 24 घंटे बिजली देंगे, लेकिन उनके शासनकाल में 4 से 5 घंटे ही बिजली मिलती थी। उन्होंने कहा कि अब जनता कांग्रेस को समझ चुकी है। जनता को पता है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में नंबर-1 है। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार किसान हितैषी सरकार है।

### ईमानदारी से नौकरी लग रहे युवा

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी का अभिनंदन समारोह का आयोजान किया गया। कार्यकर्म का आयोजन भारतीय जनता पार्टी रोहतक के युवा नेता संदीप प्रजापति ने किया। समारोह को नायब सैनी, मनीष ग्रोवर, रणबीर सिंह डाका व संदीप प्रजापति ने सम्बोधित किया। नायब सैनी ने कहा कि मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार में एक गरीब मां का बेटा भी अपनी काबिलियत के आधार पर तहसीलदार और इंस्पेक्टर लग रहा है जबकि पिछली सरकारों में पर्ची और खर्ची चलती थी।

## जिला कल्याण अधिकारी का चालक 30 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



### सरकारी योजना का लाभ देने के नाम पर 10000 पहले भी ले चुका था

एसीबी, रोहतक की टीम ने सरकारी योजना का लाभ देने के एवज में 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए सोनीपत जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय के चालक को रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोप है कि वह 10 हजार रुपये पहले ले चुका है। एंटी करप्शन ब्यूरो, रोहतक के डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी सरकारी योजना का लाभ देने के एवज में 40 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उनके रिश्तेदार को अंतरजातीय विवाह शगुन योजना का लाभ देने की एवज में सोनीपत जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय का चालक प्रदीप रिश्वत की मांग कर रहा है। उसे शिकायतकर्ता की तरफ से पहले ही 10 हजार रुपये दिए गए थे। जिस पर इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जिस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रदीप को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### राष्ट्रीय स्तर का फिल्म फेस्टिवल 23 से 25 फरवरी तक पंचकूला में आयोजित किया जाएगा

# चित्र भारती और जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखेगी सुपवा के अरविंद की फिल्म

पंकज भाटिया ▶▶| रोहतक

सुपवा के छात्र अरविंद चौधरी की डॉक्यूमेंट्री फिल्म 5वें चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल में चयनित हो गई है। फिल्म का नाम एक गांव दिशा की ओर है और यह फिल्म एक गांव के विकास पर आधारित है। फिल्म का शोध व निर्देशन अरविंद द्वारा किया गया है। राष्ट्रीय स्तर का फिल्म फेस्टिवल 23 से 25 फरवरी तक पंचकूला में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 135 फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी, जिसमें अरविंद की फिल्म भी शामिल है। फिल्म की अवधि 30 मिनट और 17 सेकेंड की है। गांव के विकास पर आधारित फिल्म में यह दिखाया गया है कि किस तरह किसी गांव को शिक्षा, खेल-कूद, स्वास्थ्य रोजगार आदि में विकसित किया जा सकता है।

शूटिंग का दृश्य


### रोहतक के गांव में हुई है शूटिंग

अरविंद ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग रोहतक के गांवों में हुई है। इनमें भाली आनंदपुर, चमारिया, बसाना और सिंहपुरा खुर्द गांव शामिल हैं। में हुई है। उन्होंने बताया कि ये फिल्म ग्राम विकास से प्रभावित होकर बनाई गई है। रिसर्च सहित फिल्म की शूटिंग पांच महीने में पूरी की गई।

### टेक्निकल टीम सुपवा से

फिल्म की टेक्निकल टीम में सभी सुपवा के विद्यार्थी हैं। इनमें फिल्म एंड टीव डिपार्टमेंट से दुपिंदर कौर, राहुल कत्याल, हिमांग, तन्मय, परविंदर सिंह हैं।

### जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी नॉमिनेट

यहां ये भी बता दें कि अरविंद की फिल्म 16वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चयनित और नॉमिनेट हो गई है। ये फेस्टिवल 9 से 13 फरवरी तक जयपुर में होगा। इस फिल्म फेस्टिवल में 64 फिल्में नॉमिनेट हुई हैं।

### हाथ रपिया भी हो चुकी है सम्मानित



अरविंद ने बताया कि उनकी शॉर्ट फिल्म हाथ रपिया राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित हो चुकी है। फिल्म को राजस्थान अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट शॉट फिल्म का खिताब मिला। साथ ही यह फिल्म चित्र भारती में नॉमिनेट हुई थी। उन्होंने बताया कि अभिनेता व निर्देशक के तौर पर वह करीब 22 लघु फिल्म दशा, बिनणी, परी, हाथ रपिया, एक गांव दिशा की, प्रभात, लाइफ़ आदि और तीन डॉक्यूमेंट्री फिल्म बना चुके हैं। इसके अलावा दो वेब सीरीज में भी काम किया है।



हरिभूमि सहेली



महिलाएं जॉब वर्ल्ड में आ जरूर रही हैं, लेकिन वे अकसर अबला होने की मानसिकता से घिरी रहती हैं, यह मानसिकता उनकी तरक्की के मार्ग में बाधक है। आपको अगर सक्सेसफुल प्रोफेशनल बनना है, तो अबला होने की मानसिकता से उबरना होगा। पूरे कॉन्फिडेंस के साथ बहुत ही समझदारी से अपनी सभी जिम्मेदारियां निभानी होंगी, तभी आप सक्सेसफुल कहलाएंगी।

# प्रोफेशनल फील्ड में ऐसे जमाएं अपनी धाक

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

इसमें कोई दो राय नहीं कि पुरुषों की तुलना में वर्किंग वूमेन के सामने ज्यादा चैलेंजेस होते हैं। उनकी तरक्की की राह में बार-बार रोड़े अटकाए जाते हैं। परिवार के सदस्य भी उनसे असंतुष्ट रहते हैं। घर में कभी पति, कभी सास और ऑफिस में कभी बॉस या कभी कुलीग्स उन पर तंज कसते रहते हैं। कई लोग तो महिलाओं की कामयाबी के पीछे हमेशा कोई गलत एंगल तलाशते हैं। कई बार महिलाएं इन बातों से घबरा जाती हैं। अपने करियर को बीच में ही रोक कर घर बैठ जाती हैं, वहीं कुछ महिलाएं इन अड़चनों का साहस के साथ सामना करती हैं, वर्किंग वूमेन के रूप में अपने आपको साबित करती हैं। अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो अपनी तरक्की की राह में रोड़ा बनी मुसीबतों को दूर करके सफलता के शिखर पर पहुंच सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों को अमल में लाना होगा। इन्हें अपनी काबिलियत बनाना होगा।

**बोल्ड, फ्रेंक एंड फेयर स्पीकर बनें :** किसी भी वर्किंग वूमेन में अगर ज्यादा लचीलापन दिखेगा या वह संकोचवश चुप रहेगी, तो लोग इसका गलत अर्थ निकालेंगे, उसकी चुप्पी का फायदा भी उठाएंगे। चाहे मामला सैलरी के निगोसिएशन का हो या मीटिंग रूम में किसी टीम मेंबर या टीम लीडर के रूप में हो, आप जब दृढ़ता-स्पष्टता से बोलेंगी, तभी लोग आपको गंभीरता से लेंगे। आप अगर टीम लीडर हैं, आपकी टीम का कोई मेंबर ढंग से काम नहीं कर रहा है, तो उसे स्पष्ट बता दें कि उसके काम का यह तरीका सही नहीं है, यदि वह रिजल्ट नहीं देगा तो आप सहन नहीं करेंगी।



**अपना एटिट्यूड रखें प्रोफेशनल :** आपको सफल होना है तो बार-बार महिला होने का रोना, उसका फायदा उठाने की आदत छोड़नी होगी। कई महिलाएं अकसर ऑफिस देर से पहुंचती हैं, घर के काम की मजबूरी का बहाना बनाती हैं। यह गलत रवैया है। यदि ऑफिस में रेपुटेशन बनानी है, सफल होना है तो प्रोफेशनल एटीट्यूड रखें। हर रोज ऑफिस, मीटिंग या किसी भी अन्य काम के लिए सही समय से पहुंचें और पूरी शिद्दत से काम करें। डेडलाइंस को उतनी ही सीरियसली लें, जितना सीरियसली आप ट्रेन छूटने के टाइम को लेती हैं। यह भी जान लें, लोगों के सहयोग के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। सहयोगियों को आपके द्वारा सराहे जाने और फ्रेंडली पेश आने के तीन फायदे हैं- पहला लोग आपकी लेग पुलिंग नहीं करेंगे, दूसरा-आप द्वारा दिए गए काम को लोग पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ करेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि सफलता का क्रेडिट आप सबको देने वाली हैं, तीसरा बॉस की नजर में आपकी अहमियत बढ़ जाएगी, वे आपको एक कामयाब प्रोफेशनल वूमेन मानेंगे।

**अगर लेना हो प्रेग्नेंसी या सिकनेस ब्रेक :** कई बार प्रेग्नेंसी, किसी गंभीर बीमारी या पारिवारिक दायित्व की वजह से महिलाओं को लंबी छुट्टी या जॉब से ब्रेक लेना पड़ता है। लेकिन ध्यान रहे, यह ब्रेक आपके करियर की राह को ना तोड़े। ब्रेक के दौरान अपने आपको अपडेट करती रहें। ऑफिस कुलीग्स से फोन, ई-मेल या सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से जुड़ी रहें ताकि आप वर्किंग वर्ल्ड से पूरी तरह अलग ना हो जाएं। ब्रेक के बाद खुद को मानसिक-शारीरिक रूप से तैयार करें और फिर से काम करने के लिए मैदान में आ जाएं। अगर पिछली नौकरी छूट भी गई है, तो आपको दोबारा मिल सकती है। अच्छे व्यवहार, मेहनती और डिवोटेड वर्कर की अपनी इमेज के बूते आपके लिए दोबारा नौकरी हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।



## अपने टैलेंट की करें पब्लिसिटी

**जब तक** आप अपनी प्रतिभा, कौशल और उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएंगी नहीं, उन्हें कैसे पता चलेगा कि आपमें भी कुछ 'दम' है। ऑफिस में जब भी कुछ उल्लेखनीय करती हैं तो अपने बॉस और कुलीग्स को जरूर बताएं। आपने कोई डिप्लोमा-डिग्री ली है, कहीं सम्मानित की गई हैं, किसी बड़े क्लाइंट से ऑर्डर हासिल किया है, कोई प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा किया है, तो बातों ही बातों में इसका जिक्र सबके सामने करें ताकि लोग आपकी इंपॉर्टेंस समझें, आपको गंभीरता से लें। चुपचाप काम करते रहने वाली महिलाओं की कोई कद्र नहीं होती, लोग उन्हें 'अंडरएस्टीमेट' करते हैं, इतना ही नहीं 'टेक इट फॉर ग्रांटेड' भी लेते हैं।

## सही ढंग से करें मैनेज

**वर्किंग वूमेन** की सबसे बड़ी प्रॉब्लम होती है टाइम की कमी, क्योंकि उन्हें दोहरी जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। इसलिए वर्किंग वूमेन के रोल में आप इस तरह मैनेज करें-

- कुछ समय अपने लिए जरूर बचाएं। परिवार के लोगों में काम बांटकर अपने काम का बोझ कम करें। पति और बच्चों के साथ-साथ दूसरे लोगों से छोटे-मोटे काम करवाने की आदत बनाएं।
- घरेलू नौकर, मेड आदि कुछ रुपयों के बदले कई छोटे-मोटे काम कर देते हैं, इससे काफी समय बच जाता है।
- टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस जैसे रेग्युलर बिल ऑनलाइन पेमेंट करें। इससे आपका काफी समय बचेगा।
- ऑफिस आने-जाने में काफी समय लगता हो तो बस, कैब या ट्रेन में मोबाइल या टैब से मेल चेक करें, उनका जवाब दें, जरूरी कॉल करें, जरूरी कामों की लिस्ट बनाएं और दिनभर के कामों की प्लानिंग करें। इस तरह आप समय का सदुपयोग कर लेंगी।
- शॉपिंग के लिए बाजार में घंटों भटक कर समय बर्बाद करने की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग की आदत डालें। आपको घर बैठे-बैठे कई अच्छे ऑप्शन मिलेंगे।

## घर के बड़े-बड़े काम बना देती है महिलाओं की छोटी-छोटी बचत



घरेलू वित्तीय प्रबंध में महिलाओं की बचत समय-समय पर बहुत ज्यादा मददगार साबित होती है। महिलाएं इस बचत को व्यवस्थित ढंग से करें, तो उनकी बचत और ज्यादा उपयोगी होगी, घर का वित्तीय आधार मजबूत होगा, परिवार में सुख-समृद्धि आएगी। आपके लिए एक जरूरी सलाह।

मनी मैनेजमेंट / नम्रता नदीम

भारतीय गृहिणियों को उनके पति कितने भी कम पैसे दें, लेकिन वो कुछ ना कुछ जरूर बचा लेती हैं। चुपके से उनके द्वारा कुछ ना कुछ बचा ली गई यह रकम कई बार ऐसे बड़े-बड़े काम बना देती है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए पुरुषों को बचत का महत्व और गुर महिलाओं से सीखना चाहिए।

**तरीका बहुत अनौपचारिक :** भारतीय महिलाएं, दस-दस, बीस-बीस रुपए जोड़कर भी हजारों रुपए इकट्ठा कर लेती हैं फिर उनसे घर की कोई ऐसी चीज खरीद ली जाती है, जिसे एकमुश्त खरीदने में अच्छी-खासी रकम की जरूरत होती है। दरअसल, कोई भी महिला खासतौर पर गृहिणी अपना कोई भी बजट अपने पास मौजूद रकम को देखकर ही बनाती है। महिलाओं के बचत करने का तरीका भी बहुत अनौपचारिक और बिल्कुल भी दबाव या बोझ से मुक्त होता है। मसलन, वे दस-बीस रुपए भी रसोई के किसी डिब्बे में चुपचाप डाल देती हैं। एक दिन जब किसी चीज की बहुत जरूरत होती है, तो उस समय वह बचाई राशि बहुत काम आती है।

**पूरे करती हैं बड़े-बड़े सपने :** वित्तीय योजनाकारों का मानना है कि अगर महिलाओं को थोड़ी सी फाइनेंस प्लानिंग अच्छे से समझा दी जाए तो वे अपनी छोटी-छोटी बचतों से बड़े-बड़े सपने पूरे कर लेती हैं। हालांकि महिलाओं की बचत का यूं तो कोई अलग से आंकड़ा नहीं है, लेकिन माना जाता है कि भारत में जो नियमित घरेलू बचत होती है, उसमें करीब 60 फीसदी से ज्यादा बचत महिलाओं के जरिए या उनके प्रयास से होती है। इस बजट में भी 20 से 25 फीसदी बचत गुप्त बचत के रूप में होती है, जिसका पहले से घर के मुखिया को या घर के आर्थिक बजट को संभालने वाले को पता नहीं होता। ऐन वक्त पर महिलाओं की यह बचत एक बड़ी राहत के रूप में सामने आती है। यही नहीं जब महिलाएं व्यवस्थित ढंग से छोटी वित्तीय योजनाओं में निवेश करती हैं, तो वहां भी कमाल कर देती हैं।

**सुधारें अपनी शॉपिंग हैबिट्स :** पूरी बचत नियंत्रण प्रक्रिया में एक नियंत्रण जो आसानी से हमारी बचत प्रक्रिया को मजबूत करता है, वह है हमारी शॉपिंग हैबिट्स, जिसमें अकसर महिलाएं कमजोर साबित होती हैं। असल में उपभोक्ता बाजार ऐसे हथकंडे अपनाता है कि आप बिना जरूरत की भी शॉपिंग करती हैं। इसलिए जिस चीज की जरूरत ना हो, उसे कभी ना खरीदें। क्योंकि यह खरीदना आपकी समझदारी नहीं बल्कि बाजार की आपको फंसाने की सोची-समझी चाल होती है। इससे बचने का एक सीधा तरीका यह है कि जब शॉपिंग करने जाएं तो घर से ही एक लिस्ट बना लें और दृढ़ता के साथ उस लिस्ट के मुताबिक ही शॉपिंग करें। सेल्समैन के बहकावे पर कुछ ना खरीदें। फिर चाहे वह चीज कितनी ही सस्ती क्यों ना हो। अगर इन कुछ उपायों को अपनाएंगी तो आप भी ना केवल एक बेहतरीन होम मैनेजर बन सकेंगी बल्कि उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बचत भी कर सकेंगी, जो आपके आड़े वक्त में सबसे बड़ी मददगार साबित होगी।



### ऐसे करें बचत

- सबसे पहले अपने खर्चों की एक डायरी बना लें, जिसमें नियमित रूप से सारे खर्च दर्ज करें।
- उन छोटे-छोटे खर्चों पर विशेष नजर रखें, जो पहले से तय नहीं होते, लेकिन करीब-करीब हर महीने होते हैं।
- एक-दो महीने नहीं लेकिन अगर आप कम से कम चार-पांच महीनों तक अपने खर्चों पर नजर रखती हैं तो आसानी से जान लेती हैं कि खर्चों में कौन से गैरजरूरी खर्चे हैं, जिन्हें काटा जा सकता है।
- बचत और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखें, वर्ना आपका बजट बिगड़ते देर नहीं लगेगी।

## जब अनजान लोगों के बीच आप फील करें ऑकवर्ड

एडवाइस / अंजू जैन

अकसर कुछ लोग ऐसे फंक्शंस या पार्टी में जाने से बचते हैं, जहां लोग उनके परिचित नहीं होते। ऐसी जगह पर उन्हें अनजान लोगों के बीच ऑकवर्ड फील होता है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखें तो यह असहजता आप नहीं महसूस करेंगी।

**कॉन्फिडेंट रहें :** ऐसी जगह जहां कोई पूर्व परिचित ना हो, शुरू-शुरू में आप थोड़ा सा अनकंफरटेबल फील कर सकती हैं। लेकिन कॉन्फिडेंस बनाए रखें। जरा भी घबराएं नहीं।

**माहौल को जानें-समझें :** सबसे पहले अपने आस-पास खड़े लोगों की जानें–समझें, उनमें परस्पर चल रही बातचीत के विषय पर ध्यान दें। अगर तीन-चार लोग झुंड बनाकर खड़े हैं, कोई बात कर रहे हैं तो आप भी उनकी गपशप में शामिल हो जाएं। एक बार बात शुरू होगी तो लोग आपसे जुड़ते चले जाएंगे और आपका समय आराम से बीत जाएगा।



**ड्रेस का सेलेक्शन सही करें :** किसी भी पार्टी या सार्वजनिक समारोह में जाएं तो संवर कर जाएं। ड्रेस के सेलेक्शन से लेकर हेयरस्टाइल, चेहरे के ग्लो, फुटवियर, बेल्ट सब कुछ आकर्षक और ट्रेंड के अनुसार हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। आपका लुक लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने वाला होना चाहिए, फर्स्ट इंप्रेशन आपके गेटअप से ही बनता है।

**हेल्प ऑफर करें :** आप सिर्फ होस्ट को जानती हों या अपनी फैमिली को रिप्रेजेंट कर रही हैं तो उनके पास जाएं। नमस्कार करें, बधाई दें और पूछें कि आप उनकी क्या मदद कर सकती हैं? इससे अटेंडेंस तो नोट होगी ही, हो सकता है वे आपको कोई काम देकर बिजी भी कर दें। अगर काम ना भी बताया तो आपकी पर्सनालिटी का अच्छा इंप्रेशन उन पर पड़ेगा।

**पार्टी को एंज्वॉय करें :** किसी कोने में अलग-थलग खड़े रहने या गुमसुम किसी कुर्सी पर बैठ जाने की बजाय गैदरिंग के माहौल को एंज्वॉय करें। खान-पान, म्यूजिक, गॉसिप आदि में इंवॉल्व हों।

### किसी अकेले को ढूंढ़ लें

**अगर आप** किसी ऑकेजन में अकेली हैं तो चारों तरफ नजर दौड़ाएं। कहीं ना कहीं कोई आपको आप जैसा ही अकेला नजर आ जाएगा। आगे बढ़कर उसके पास जाएं और किसी भी टॉपिक पर बातचीत शुरू कर दें। पहला वाक्य यह भी हो सकता है, 'आप भी अकेली आई हैं क्या? मैं तो सिर्फ होस्ट को जानती हूं।' इससे आपकी उससे बातचीत शुरू हो जाएगी।

स्पेशल: 4 फरवरी, वर्ल्ड कैंसर-डे

## सही लाइफस्टाइल-प्रॉपर चेकअप कैंसर से संभव है बचाव

अवेयरनेस / रजनी अरोड़ा

आजकल भारतीय महिलाओं में कैंसर के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, वो चिंताजनक है। पहले यह बीमारी अधिकतर बड़ी उम्र की महिलाओं में देखने को मिलती थी, लेकिन आजकल 50 साल से कम आयु की महिलाएं भी इसकी शिकार हो रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक हमारे देश में हर साल 5 लाख से ज्यादा महिलाएं कैंसर की चपेट में आती हैं, जिनमें से तकरीबन 3 लाख अपनी जान गंवा देती हैं।

**क्या है वजहें:** अव्यवस्थित और आरामतलब जीवनशैली, अनहेल्दी फूड हैबिट्स, मोटापा, आनुवांशिकता, असुरक्षित यौन संबंध, गर्भनिरोधक गोलियों का अत्यधिक प्रयोग, पर्सनल हाइजीन का ध्यान ना रखना, हार्मोन संबंधी असंतुलन, एल्कोहल-स्मोकिंग का बढ़ता चलन, देर से शादी और प्रेगनेंसी, शिशु को स्तनपान ना करवाना और सुंदर दिखने के लिए हार्मोन थेरेपी का उपयोग आदि इसके प्रमुख कारण हैं। इनके अलावा सही समय पर स्क्रीनिंग और अर्ली स्टेज में डायग्नोज ना हो पाना भी महिलाओं में बढ़ते कैंसर का एक बड़ा ।कारण है।

**प्रमुख प्रकार और लक्षण :** महिलाओं में ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओवेरियन, एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर अधिक देखने को मिलते हैं। इनके लक्षण इस प्रकार हैं-



**सर्वाइकल कैंसर :** पीरियड्स ज्यादा होना, पीरियड्स के बीच में ब्लीडिंग, सेक्स के बाद ब्लीडिंग, सफेद बदबूदार पानी ज्यादा आना, पेट के निचले हिस्से और वेजाइना में दर्द आदि।

**ब्रेस्ट कैंसर :** ब्रेस्ट या आर्मपिट्स में कोई दर्दरहित गांठ, स्किन में खिंचाव या किसी तरह का बदलाव होना, ब्रेस्ट की स्किन सख्त होना, लालिमा, सूजन होना, निप्पल से सफेद रंग के द्रव का स्राव आदि।

**ओवेरियन कैंसर :** अपच होना, भूख ना लगना, उल्टी महसूस होना, गैस बनना, पेट में पानी भर जाना, पेट फूलना, पेट के निचले हिस्से में सूजन, ऐंठन और दर्द के अलावा सेक्स के दौरान दर्द।

**एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर :** मेनोपॉज होने के बावजूद हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण बड़ी उम्र में अचानक असामान्य रूप से ब्लीडिंग होना, जो शुरू में कम और धीरे-धीरे काफी तेज हो जाती है।

**बचाव के उपाय :** युवतियों को शादी के बाद साल में एक बार डॉक्टर के पास विजिट जरूर करना चाहिए और रूटीन मेडिकल चेकअप करवाना चाहिए। अगर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाए, तो 90 प्रतिशत मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। चूंकि, ह्यूमन पेप्पिलोमा वायरस को कैंसर की स्टेज तक आने में 10-15 साल लगते हैं। इस दरम्यान पैपस्मीयर टेस्ट करवाने पर कैंसर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाता है, तो समुचित उपचार से बचा जा सकता है। लिहाजा 21 साल की उम्र के बाद पैपस्मीयर टेस्ट करवाएं। इसके बाद हर 3 साल के अंतराल में और 40 साल की उम्र के बाद 5 साल के अंतराल में यह टेस्ट करवाएं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9-16 साल के बीच लड़कियों को 0-2-4 महीने के अंतराल पर एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं। नहाते समय प्राइवेट पार्ट्स को नियमित रूप से चेक करें कि कुछ असामान्य लक्षण ना हों यानी डिस्चार्ज ना हो रहा हो। इनकी सफाई, सेफ्टी और हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। परिवार में ब्रेस्ट कैंसर की हिस्ट्री है, तो स्क्रीनिंग नियमित रूप से कराएं। 20-22 साल की उम्र की लड़कियां हर महीने पीरियड्स के 4-5 दिन बाद खुद ब्रेस्ट परीक्षण करें। 38-40 साल की उम्र में एक बार ब्रेस्ट की अल्ट्रासाउंड, 40-45 साल की उम्र के बाद 2 साल में एक बार मेमोग्राम और 55 साल के बाद हर दो साल में ब्रेस्ट-स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर का पता लगाने के लिए मेनोपॉज के बाद 5 साल के अंतराल पर पैप स्मीयर टेस्ट जरूर कराएं, जिससे यूट्रस की स्थिति का पता चल सके। अगर बिना किसी वजह के लगातार अपच या पेट दर्द की समस्या एक महीने तक बनी रहे तो ऑन्कोलॉजिस्ट से जरूर कंसल्ट करें। परिवार में ओवरी कैंसर की हिस्ट्री है, तो 18 साल की उम्र से ही साल में एक बार स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

**( सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल से बातचीत पर आधारित)**

केयर / मधु सिंह

सोना, चांदी हो या हीरा मोती, इनकी ज्वेलरी की चमक समय के साथ कम होने लगती है। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन्हें फिर से नई ज्वेलरी जैसा चमका सकती हैं। जानिए कुछ यूजफुल टिप्स के बारे में।

## पुरानी ज्वेलरी में आएगी नई चमक



यह सही है कि पुराना होने पर किसी भी मेटल से बने जेवर की चमक फीकी पड़ने लगती है। दरअसल, लगातार या बार-बार पहने जाने के कारण गहनों में धूल, मिट्टी, पसीना, गर्मी, सर्दी और बारिश के मौसम का प्रभाव पड़ता है। अगर इन पर ध्यान ना दिया जाए तो ये अपनी चमक खो देते हैं। अगर थोड़ी सी सजगता से घर पर ही अपने गहनों की साफ-सफाई की जाए तो ये ना सिर्फ फिर से चमकने लगते हैं बल्कि अपनी भरपूर आभा बिखेरते हुए नए जैसे लगने लगते हैं।

**चमक उठेगी सिल्वर ज्वेलरी :** चांदी सफेद रंग की होती है, इसलिए इसकी ज्वेलरी पर पसीने और धूल-मिट्टी का असर बहुत जल्दी दिखने लगता है। चांदी का गहना सोने के गहने के मुकाबले बहुत जल्दी ही अपनी रंगत खो देता है। ऐसे गहनों को फिर से सफेद और चमकदार बनाने के लिए आप ये घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- दो चम्मच बेकिंग सोडा और आधा कप सिरके में कम से कम दो घंटे के लिए सिल्वर ज्वेलरी को भिगो दें। दो घंटे बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, गहना फिर से चमकने लगेगा।
- चांदी के जेवर को खट्टी दही से भी चमकाया जा सकता है। खट्टी दही में कुछ देर के लिए चांदी के गहनों को भिगो दें। आप देखेंगी कि जल्द ही इन गहनों में चढ़ा सारा मैल कट कर निकल जाएगा। मैल के बाहर आते ही ये गहने फिर से चमकने लगेंगे।
- चांदी के गहनों को सामान्य डिटर्जेंट से भी चमकाया जा सकता है। इसके लिए, गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाएं और फिर चांदी के गहनों को इसमें डुबो दें। करीब एक घंटे के बाद सॉफ्ट टूथब्रश से रगड़ लें। अब इसे ठंडे पानी से धो दें। सारा मैल निकल जाएगा और ये चमकने लगेंगे।
- टूथपेस्ट से भी सिल्वर ज्वेलरी में चमक आती है। इसके लिए ज्वेलरी पर अच्छी तरह से टूथपेस्ट लगाएं और फिर उसे गर्म पानी में डुबो दें। आधे घंटे के बाद इसे बाहर निकाल कर सॉफ्ट टूथब्रश से अच्छी तरह से रगड़ कर साफ करें, फिर साफ मुलायम और सूखे कपड़े से पोंछें। चांदी के गहनों में चमक आ जाएगी।
- रीठे के पानी में भिगोकर साफ करने से भी चांदी के जेवरों में चमक आ जाती है।

**नई जैसी दिखेगी गोल्डेन ज्वेलरी :** सोने के जेवर को निखारने के लिए भी आप कुछ सरल घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- एक बड़े कटोरे में आधा कप सिरका डालें, उसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इस मिश्रण में अपने सोने के गहने को दो से तीन घंटे के लिए डुबो दें। तीन घंटे के बाद इसे निकालकर ठंडे पानी से धो लें, फिर सूखे मुलायम कपड़े से हल्के हाथों से इन्हें अच्छी तरह से पोंछ दें। गोल्ड ज्वेलरी की खोई हुई चमक लौट आएगी। सोने के गहनों की चमक वापस लाने में उबले हुए रीठे का पानी भी कारगर होता है।
- गरम पानी में अच्छी क्वालिटी का डिटर्जेंट पावडर और 1 चम्मच अमोनिया मिलाकर इस घोल में अपने सोने के गहनों को कुछ देर के लिए पड़ा रहने दें, फिर इन्हें निकाल कर साफ-ठंडे पानी से धो लें। इनकी खोई हुई चमक लौट आएगी।
- सोने के गहनों की चमक फिर से वापस लाने के लिए थोड़े से पानी में 1 चम्मच हल्दी डालकर इसे उबाल लें। फिर इस पानी में रात भर के लिए सोने के गहनों को डालकर रखें। फिर अगले दिन सॉफ्ट ब्रश से हल्के हाथों से रगड़ लें। गहने चमकने लगेंगे।

**डायमंड-पर्ल ज्वेलरी के लिए :** सोने, चांदी के अलावा अगर आपके पास हीरे (डायमंड) या मोती (पर्ल) के जेवर हैं तो इन्हें भी आप घर में चमका सकती हैं। इसके लिए गर्म पानी में थोड़ा शैंपू घोलें और उसे एक मुलायम ब्रश से गहने पर अप्लाई करें, लेकिन इसे घोल में डुबोएं नहीं। ना ही सादे पानी में धोएं। केवल पानी में धोने से इसमें दाग पड़ जाते हैं और घोल में डुबोने पर यह अपनी चमक खो सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि जब मोती के गहने चमकाने हों तो उन्हें बेहद सॉफ्ट कपड़े पर रखकर ही ऐसा करें।

## खबर संक्षेप



### बच्चों की व्यक्तिगत और शिक्षा समस्या पर चर्चा करें

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पढ़ाई में मित्रों को भी शामिल करें अगर एक मित्र किसी विषय में अच्छा नहीं कर रहा तो उसकी मदद करें। इससे दोनों को ही लाभ होगा। भरपूर नींद लें और लिखने का अभ्यास करें अन्यथा परीक्षा में लिखते हुए समस्या होगी। अभिभावक भी बच्चों के साथ उनकी व्यक्तिगत और शिक्षा संबंधी समस्याओं पर चर्चा करें।

### निंदाना से कॉलेज के लिए निकला युवक लापता

**महम।** निंदाना गांव से एक 23 वर्षीय युवक लापता हो गया। वह कॉलेज जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन तीन दिन बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला है। निंदाना तिगरी के राकेश पुत्र ओम सिंह ने बताया कि उसका भतीजा अक्षय कुमार पुत्र राजेश 27 जनवरी को घर से रोहतक कॉलेज के लिए निकला था। लेकिन वह वापस घर नहीं लौटा।

### पेयजल समस्या को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** वार्ड 19 स्थित राज मोहल्ला में पीने के पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। कॉलोनी निवासी सोमवार को जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय पहुंचे और एसडीओ को ज्ञापन सौंप कर समस्या के समाधान की मांग की। जसबीर, बिमला, अंजू व बाला ने बताया कि कुछ माह पहले वार्ड के टेक नगर व राज मोहल्ला में पानी की पाइप लाइन डालनी थी। जिसका कार्य एक गली में अधूरा छोड़ दिया गया। इस वजह से पीने के पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही। 20 परिवार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें कन्हेली रोड से पानी भरकर लाना पड़ रहा है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी 12 से करेंगे क्रमिक अनशन

**रोहतक।** ज्वांइट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा की बैठक सोमवार को बस स्टैंड पर ज्वाइंट एक्शन कमेटी के सदस्य बाबूलाल यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमें में कुलभूषण शर्मा को सभी की सहमति से ज्वांइट एक्शन कमेटी का क्नवीनर चुना गया व 15 सदस्यीय अध्यक्ष मंडल गठित किया गया। कन्वीनर कुलभूषण शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी को देखते हुए कमेटी ने 12 फरवरी से रोहतक में क्रमिक अनशन शुरू करने का फैसला लिया है।

### शिक्षित युवाओं को चुनाव मैदान में उतारे

**रोहतक।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रभारी लोकसभा रोहतक अड़ीचंद निम्बड़िया ने कहा कि आने वाले लोकसभा के चुनाव में अम्बेड़करवादी व शिक्षित युवाओं को चुनाव मैदान में उतारा जाए। देश व प्रदेश में लाखों शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी की वजह से रोष व्याप्त है। तीव्रगति से बढ़ रही मंहगाई व बेरोजगारी की मार से जनता दुखी है। गरीब लोगों के परिवार पहचान पत्र में आमदनी ज्यादा दिखाकर राशन कार्ड काट दिए हैं।

## हिट एंड रन कानून के विरोध में मदीना टोल पर ड्राइवरों का धरना

# काला कानून वापस नहीं लेने तक धरना रहेगा जारी

- मांगों को लेकर 17 जनवरी से धरने पर बैठे हैं ड्राइवर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

मांगों को लेकर मदीना टोल प्लाजा पर ड्राइवरों ने 17 जनवरी को अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। ऑल ड्राइवर कल्याण संघ रोहतक के बैनर तले शुरू किया गया यह धरना सोमवार को 13वें दिन भी जारी रहा। ड्राइवरों का कहना है कि हिट एंड रन कानून को वापस लिया जाए। यदि यह कानून वापस नहीं लिया गया तो ड्राइवर वर्ग बर्बाद हो जाएगा। क्योंकि कम वेतन पर काम करने वाले ड्राइवरों के पास लाखों रुपए भरने के लिए नहीं होते। हिट एंड रन कानून के तहत दुर्घटना होने पर 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए जुर्माना का प्रावधान किया गया है, जो किसी भी लिहाज से उचित नहीं है।




**महम।** मदीना टोल प्लाजा पर नारेबाजी करते धरनारत ड्राइवर।

क्योंकि बिना ड्राइवर की गलती के भी हादसे हो जाते हैं। दूसरे की गलती की सजा ड्राइवर पर थोपना भी गलत है। ड्राइवरों ने बताया कि अब देशभर के ड्राइवर संगठित हो गए हैं।

### ड्राइवर आयोग का गठन करने की मांग

पूरे देश में टोल प्लाजा पर चालकों ने अपने धरने शुरू कर दिए हैं। अपने अधिकारों से अब तक अछूता रहा यह समाज भी अब जाग गया है और संगठित होकर उन्होंने अपनी मांगें सरकार के सामने रख दी हैं।

ड्राइवरों की सबसे पहली मांग है कि देश व प्रदेश में ड्राइवर आयोग का गठन किया जाए। सरकारी कलेंडर में ड्राइवर दिवस घोषित किया जाए। ड्राइवर के साथ दुर्घटना हो जाने पर सरकार द्वारा

### ड्राइवर आवास योजना बने

प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर ड्राइवर आवास योजना शुरू की जाए। मदीना टोल पर धरना दे रहे चालकों ने कहा है कि जब तक सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करती, तब तक उनका यह धरना जारी रहेगा। धरने में प्रधान विजय कुमार, नवीन, नसीब, सोनू, जयप्रकाश, सुरेंद्र, किशन, तारा सिंह, दिनेश व दल सिंह मौजूद थे।

20 लाख रुपए आर्थिक सहायता मुहैया करवाई जाए। अपंग होने पर चालक को 10 लाख रुपए मुआवजा मिलना चाहिए। 60 साल से अधिक आयु के चालकों को न्यूनतम 10 हजार रुपए पेंशन राशि दी जाए। सभी कॉमर्सियल वाहनों पर लगने वाले राज्यों का टैक्स एक समय पर ही लिया जाए और रोड टैक्स बंद किए जाएं। ड्राइवरों के बच्चों की पढ़ाई में सरकारें सहयोग करें।

### लैंप लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नसिंर्ग कालेज द्वारा बीएससी नसिंर्ग प्रथम वर्ष, पोस्ट बेसिक बीएससी नसिंर्ग प्रथम वर्ष व एमएससी नसिंर्ग व एनपीसीसी प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए कालेज के लैक्चर थिएटर-एक में लैंप लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में नसिंर्ग सुपरीडेंट ईशवंती मलिक उपस्थित हुई। उन्होंने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया व छात्राओं को फ्लोरेंस नाईटेंगेल शपथ दिलवाई।

ईशवंती मलिक ने संस्थान में दाखिला लेने पर सभी छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि जहां चिकित्सक को रीड की हड्डी कहा जाता है वहीं अस्पताल में नर्स हाथों का दर्जा पाती हैं क्योंकि हाथों के बिना कोई भी काम संभव नही है। उन्होंने नर्सों का आह्वान किया कि एबीसी पर अमल करके बहुत सारी परेशानियां कम की जा सकती हैं यानि उपस्थित रहना, मृदुल व्यवहार करना और ईलाज के दौरान सहन-शक्ति बनाए रखना। ईशवंती मलिक ने कहा कि हमें मरीजों की निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। प्राचार्य प्रो. सुनीता कुमारी ने कहा कि हम कहीं भी दाखिला दो उद्देश्यों को सामने रखकर लेते हैं जिसमें पहला जीविका कमाना और दूसरा मानसिक संतुष्टि होता है।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में प्रिंस ने जीता कांस्य





**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में मास्टर प्रिंस का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंस ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में फैंसिंग में कांस्य पदक प्राप्त किया। गेम्स तमिलनाडु में आयोजित किए गए थे। प्रिंस सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में दसवीं का विद्यार्थी है। कार्यक्रम में सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन राजेश सांगवान, प्रधानाचार्य मनीषा सांगवान, स्कूल कोर्डिनेटर प्रमिला सांगवान और प्रिंस के दादा, माता एवं अन्य परिवारजनों के साथ कोच तरूण शामिल हुए। स्कूल मैनेजमेंट ने प्रिंस को 5100 रुपये की माला पहनाकर सम्मानित किया। प्रिंस ने 2021 में फैंसिंग खेल का अभ्यास करना शुरू किया था। प्रिंस ने दिन-रात मेहनत कर ये मुकाम हासिल किया है। मंच संचालन एकेडमिक कोर्डिनेटर ऋतु विज एवं मानसी ने किया। नैंसी ने कविता सुनाई। स्कूल के संगीत शिक्षक भारत ने गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। स्कूल की छात्राओं ने आर्मी थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के आयोजन में स्कूल के खेल विभाग के शिक्षकों सुनील वत्स, विकास, हरेंदर एवं योगिता का विशेष सहयोग रहा। चेयरमैन राजेश सांगवान ने प्रिंस के अच्छे भविष्य की कामना की और स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रधानाचार्य मनीषा सांगवान ने प्रिंस को शुभकामनाएं दी।

# समय पर काम करने से दूर होता है तनाव



**रोहतक।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने लाइव देखा। जिसमें प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को बताया कि हमें समय प्रबंधन सीखना चाहिए। समय पर काम करने से तनाव दूर हो जाता है। गलतियां हमें हर मोड़ पर नई सीख देती हैं। विद्यार्थियों के विभिन्न सवालों के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक परिवेश में बच्चों पर अत्यधिक अपेक्षाओं का दबाव है, ऐसी स्थिति में बालक को एक समर्पित खिलाड़ी की तरह अपने लक्ष्य का निर्धारण स्व-विवेक एवं पूर्ण निष्ठा से करना चाहिए। अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों पर अपनी अपेक्षाओं का बोझ न लादें। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्राचार्या परमजीत कौर ने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे और कहा कि परीक्षा के डर को दूर करने में सबसे अहम है आपका आत्मविश्वास।

# प्रथम मुख्यमंत्री की जयंती पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

श्रीमद जगदगुरू शंकरा स्वामी तीर्थ धर्मार्थ ट्रस्ट एवं रोहतक की सामाजिक संस्थाओं द्वारा पं. भगवतदयाल शर्मा स्मारक स्थल एवं पार्क पीजीआईएम के प्रांगण में पंडित भगवत दयाय शर्मा की 106वीं जयंती के उपलक्ष्य में पुष्पांजलि, दीपांजलि एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पीजीआई के निदेशक डॉ. शमशेर सिंह लोहचब रहे। मंच संचालन राजेन्द्र शर्मा ने किया। वीरेन्द्र मधुर ने काव्य पाठ में कहाः मेरे हर कर्म के आगे, कोई परिणाम तो होगा, मैं दिल से प्रेम करता हूं, उन्हें संग्राम लगता है। मुख्य अतिथि डॉ लोहचब ने कहा इस पार्क के सदंर्भ में जो भी दायित्व दिया जाएगा



मैं उसका निर्वहा करूंगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दिनेश व डॉ गोपाल ने संयुक्त रूप से कहा कि पंण्डि भगवत दयाल के जन्मोत्सव पर 106 दीप जलाकर 106वीं पुण्य तिथि पर मनाई। पं. भगवत दयाल शर्मा परिवार से ज्योति शर्मा, पुत्रवधु, जन्मेजय चन्द्र पौत्र, रेणुका नातिन, रमेश कौशिक, प्रदीप शर्मा ने भी झज्जर से आकार अपनी गमिमामयी उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर जेपी गौड़, डॉ कपिल कौशिक, वीरेन्द्र वशिष्ठ, नेहा शर्मा, दीपक भारद्वाज, प्राचार्य जयपाल शर्मा, जगतसिंह गिल, देवेन्द्र चौहान, इन्द्रजीत, रामकुमार आर्य, अश्वनी वशिष्ठ, योगाचार्य शिवचरण, यशपाल भाटिया, सुन्दर जेटली आदि ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## न्यूज डायरी

### गुरबानी से संगतों को निहाल किया



**रोहतक।** गुरुद्वारा बंगला साहिब में अमर शहीद बाबा दीप सिंह साहब का जन्मोत्सव श्रद्धा से मनाया गया। इस दौरान पाठ के बाद बीबी संदीप कौर जालंधर वालों ने बाबा दीप सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। संगतों ने गुरबानी सुनी। संगतों ने लंगर का प्रसाद भी ग्रहण किया। कार्यक्रम की सेवा अवतार सिंह खुराना की ओर से की गई।

### सिक्योरिटी गार्ड ने युवती को पर्स लौटाया



**रोहतक।** सुजाता को पर्स वापस देते हुए सिक्योरिटी गार्ड सुरेंद्र और निशू

**रोहतक।** पीजीआई में इलाज के लिए आई सोनीपत के गांव फरमाणा निवासी सुजाता का रूपयों से भरा पर्स गुम हो गया। जिसे सिक्योरिटी गार्ड सुरेंद्र और निशू ने वापिस किया। सुजाता ने बताया कि पर्स के बारे में पूछताछ करते हुए जब वह सिक्योरिटी गार्ड सुरेंद्र और निशू के गई तो उन्होंने पर्स उसे लौटा दिया। उन्होंने दोनों का आभार व्यक्त किया।

### शिविर 148 मरीजों की हुई नेत्र जांच



**रोहतक।** सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं लैब द्वारा मॉडल टाउन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. दिनेश शर्मा (नेत्र रोग चिकित्सक) ने आंखों की जांच की। शिविर में 148 मरीजों की जांच की गई। निशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। इस मौके पर डॉ. जेपी आरोड़ा, डॉ. एसपी चुघ, डॉ. रूचि जैन, डॉ. प्रतिमा, डॉ. नेहा, कैलाश, सीमा, रिंकी, ऋषभ, सतीश, पंकज, ज्योति, नूरी, ललिता आदि उपस्थित रहे।

### यूपीएससी परीक्षा में लहराया परचम



**रोहतक।** आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. अशोक दुहन ने बताया कि इंस्टीट्यूट की छात्रा प्रिया हुड्डा ने यूपीएससी संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पूरे भारत में छठा स्थान प्राप्त कर अपने इंस्टिट्यूट और माता-पिता का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इंस्टीट्यूट के कई विद्यार्थियों जैसे पूनम अहलावत, रिंकू लाठर, रजनी काजल और महेश ने यूपीएससी में अपना परचम लहराया है। इनमें से अजीत हुड्डा और सारिका सिंधु वैज्ञानिक पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इंस्टिट्यूट के संचालक डॉक्टर अशोक दुहन ने प्रिया हुड्डा को आशीर्वाद दिया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### -वर्षा ने खेलों इंडिया में जीता सिल्वर मेडल

**रोहतक।** द मॉडर्न पब्लिक स्कूल की छात्रा वर्षा ने खेलो इंडिया नेशनल अंडर-19 गर्ल जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश व अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रिंसिपल राज यादव, स्कूल डायरेक्टर जतिन सिक्का, माणिक सिक्का सहित अन्य शिक्षकों ने वर्षा के उज्जवल भविष्य की कामपा की। साथ ही इस उपलब्धि पर बधाई दी और स्कूल में फूल मालाओं से स्वागत किया।

# हरियाणा जनसेवक पार्टी की रैली 11 फरवरी को जुलाना में होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम

जुलाना में 11 फरवरी को हरियाणा जनसेवक पार्टी रैली करेगी। महम से निर्दलीय विधायक एवं हरियाणा जनसेवक पार्टी के संयोजक बलराज कुंडू ने सोमवार को महम में वर्कर मीटिंग की। इस बैठक में विधायक बलराज कुंडू ने कहा कि महम में मकर सक्रांति पर हुए सफल कार्यक्रम के बाद अब उनकी पार्टी जुलाना में रैली आयोजित कर रही है, जो अपने आप में एक महम की रैली का भी रिकॉर्ड तोड़ देगी। इस दौरान कुंडू ने जुलाना रैली के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई और महम हलके के



**महम।** हजपा कार्यालय में वर्कर मीटिंग लेते विधायक बलराज कुंडू।

कार्यकर्ताओं से इस रैली में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने की अपील की। जुलाना हलके में भी विधायक बलराज कुंडू समाजसेवा के कार्य कर रहे हैं। जिस तरह की गतिविधियां चल रही हैं, उससे लगता है कि महम के बाद जुलाना पर हजपा का मुख्य फोकस होगा।

### जींद जनसभा से हरियाणा में बदलाव का संकेत : ढांडा


**रोहतक।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने यहां जारी एक बयान में कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की जींद जनसभा में उमड़ा जनसैलाब प्रदेश में होने जा रहे बदलाव की तरफ संकेत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज पंजाब के 90 प्रतिशत घरों में आने वाले जीरो बिजली बिल की चर्चा हरियाणा के घर-घर तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार है, इसमें मुख्यमंत्री भगवंत मान ने महज 20 महीने में 42 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम किया। अकेले 2023 में 30 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी। वहीं हरियाणा सरकार ने वर्ष 2023 में 1000 युवाओं को भी सरकार नहीं दी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के युवा इजराइल में जाकर नौकरी करने को मजबूर हैं। जहां उनकी जान की भी कोई गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब में युवा विदेशों से वापस आकर उद्योग स्थापित कर रहे हैं, हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी सत्ता में आकर विदेशों के कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे युवाओं को वापस लाकर हरियाणा में ही रोजगार देने का काम करेगी।

# प्रश्नोत्तरी में अवध और अक्षी हाउस प्रथम



**रोहतक।** एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस स्कूल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पांचवी से सातवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के चार हाउस अंबर, अवध, अग्नि और अक्षय हाउस शामिलके छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। प्रतियोगिता दो चरणों में हुई, जिसमें पहले चरण में अवध हाउस प्रथम, द्वितीय अक्षी हाउस और अग्नि हाउस तृतीय स्थान पर रहा। दूसरे चरण में अक्षी हाउस प्रथम, अग्नि हाउस द्वितीय और अवध हाउस तृतीय स्थान पर रहा। निदेशक हिमांक मित्तल और प्रधानाचार्य प्रधानाचार्या रितु सहित अन्य अध्यापक अध्यापिकाओं ने विजयी रहे छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

## युवाओं के लिए दानवीर कर्ण बने सीएम



राजकुमार कपूर

**रोहतक।** मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर राजकुमार कपूर ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक बार फिर दानवीर कर्ण की राह पर चलते हुए अपनी पैतृक संपत्ति का दान किया है। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी मुख्यमंत्री ऐसा त्याग समाज हित में कर चुके हैं। राजकुमार कपूर ने बताया कि वर्ष 2010 में पैतृक संपत्ति के तौर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल को 2.5 एकड़ कृषि जमीन और 200 गज का एक मकान ही मिला था। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि अपनी इस जमीन को अपने लिए प्रयोग किया जाए। वे हमेशा ही समाज के लिए सोचते रहे हैं। इसी का परिणाम रहा कि पहली मुख्यमंत्री मनोहर लाल जनहित में वर्ष 2019 में पंचनद स्मारक समिति को अपनी एक एकड़ पैतृक जमीन समाज के नाम दान कर चुके हैं। अब यह दूसरा मौका है जब उनकी ओर से युवाओं के लिए ई-लाइब्रेरी बनाने के इरादे से 200 गज का मकान समाज के नाम कर दिया है।

# सेक्टर 35 आरडब्ल्यूए के प्रधान बने सुदीप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सेक्टर-35 सनसिटी आरडब्ल्यूए का चुनाव सनसिटी क्लब में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव सेक्टर वासियों की तरफ से मनोनीत चुनाव अधिकारी भाल सिंह हुड्डा की देखरेख में हुआ। जिसमें 3 बजे तक वोट पोलिंग हुई और 4 बजे मतगणना होकर चुनाव नतीजों की घोषणा कर दी गई। चुनावी प्रक्रिया में कुल 306 मतदाताओं ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रधान पद के लिए सुदीप श्योराण 104 वोटों से जीते।

उप प्रधान पद के लिए रणधीर सिंह मोर 93 वोटों से जीते। सचिव पद के लिए राजेन्द्र लाठर 119 वोटों से जीते। सहसचिव पद के लिए ओमपाल डीपी 75 वोटों से जीते। खजांची पद के लिए



योगेश जसराणा ने 92 वोटों के अंतर से विजय प्राप्त की। वहीं चुनाव में प्रतिद्वंद्वी रहे सुरेंद्र राणा ने भी आरडब्ल्यूए टीम को बधाई देते हुए हर सम्भव सहयोग का वादा किया।

इस मौके पर रोहतक बार एसोसिएशन के प्रधान अरविंद श्योराण, सत्यपाल फौगाट, रामधारी नागर, संजय दहिया, वीरेंद्र हुड्डा, कलम सिंह नेहरा, रामअवतार, सुरेंद्र ढुल, मेहर सिंह नैन, विकास कुंडु, विशाल बैनीवाल, प्रीतम दांगी, सुधीर बुधवार, नवीन दांगी, एडवोकेट दयानन्द, सोनू महीवाल, रणबीर खोखर, हरीश तायल, रोहित बंसल, डॉ दिनेश मलिक, सुरेश खत्री, जीतपाल रोज उपस्थित रहे।।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, निःसंतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान
Super Specialist नकलचियों से बचें
डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
रोहतक: दिल्ली रोड, राज सिनेमा साथ, बैसमेंट के अंदर।

सैक्स समस्यायें
M. 8689006190, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS Doctor 2
- Nursing Staff 6
- RMO 4
- Computer Operator 1
- Accountant 1
- Gatekeeper 3
- Sweeper 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599



## 50 बार रक्तदान करने वाले सुखविंदर सिंह सम्मानित

**रोहतक।** गणतंत्र दिवस पर वन विभाग से सुखविंदर सिंह को पौधरोपण व सामाजिक कार्य के लिए कृषि मंत्री जेपी दलाल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सुखविंदर सिंह पौधारोपण के साथ-साथ 50 बार रक्तदान कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त सुनो नहरों की पुकार मिशन से जुड़कर जल को स्वच्छ रखने का संदेश दे रहे हैं।

## अंताक्षरी प्रतियोगिता में लीना, वर्षा व काजल प्रथम

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में संगीत विभाग द्वारा अंतर कक्षीय अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सादिका ने बताया कि प्रथम स्थान लीना, वर्षा व काजल ने, द्वितीय स्थान रेनू, शमीम, प्रवीण, गुरु सिमर कौर ने और तृतीय स्थान रितिका, अंजू व सोनाली ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभ आरंभ उप प्राचार्य डॉक्टर सविता ठाकरान के किया। इस मौके पर डॉक्टर प्रद्युम्न सिंह, डॉ. नरेश चंद्र, डॉ. नीरज, डॉ. सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।



## बैरागी शिक्षण संस्थान के प्रधान बने सतेंद्र स्वामी

**रोहतक।** बैरागी शिक्षण संस्थान के चुनाव में वार्ड नंबर 54 के अंतर्गत सतपाल सरपंच स्वरूपगढ़ को हराकर सतेंद्र स्वामी ने जीत हासिल की। सत्येंद्र स्वामी का बैरागी समाज ने पगड़ी पहना कर सम्मान किया। यह सम्मान भूपेंद्र बल्ला प्रधान द्वारा किया गया। समाज के लोगों ने कहा कि जो कार्य सतेंद्र स्वामी द्वारा किए गए हैं वह कार्य बैरागी शिक्षण संस्थान में सराहनीय हैं। इस अवसर पर कुलदीप बल्ला, सतपाल स्वामी, शोभा राम बैरागी, जगदीश स्वामी, सचिन जोली, भीम सिंह, सुनील बैरागी, आनन्द मलिक, भीम सिंह बैरागी, हंस राज बैरागी, दिलबाग कुंडू आदि उपस्थित रहे।

## राजकीय कॉलेज में रक्तदान शिविर आज

**सांपला।** राजकीय कॉलेज के एनएसएस यूनिट द्वारा मंगलवार को कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। यूनिट के इंचार्ज डॉक्टर दीपक लठवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योगपति राजेश जैन रहेंगे। कैंप के पांचवें दिन स्वयंसेवको ने कॉलेज व छोटू राम संग्रहालय में सफाई की।

## चार प्रोफेसर को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने चार प्राध्यापकों को डिप्टी डायरेक्टर, एलुमनी रिलेशन्ज मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि फार्मासुयटिकल साइंसेज विभाग के प्रोफेसर डॉ. दीपक कौशिक, शिक्षा विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीरू राठी, संस्कृत विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. श्रीभगवान तथा इमसॉर के सहायक प्रोफेसर डॉ. सौरभ कांत को डिप्टी डायरेक्टर, एलुमनी रिलेशन्ज का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर दिया गया है।

## डॉ. नम्रता ने करवाया सक्रिय ध्यान

**रोहतक।** ओशोधारा-365 प्रोग्राम के तहत प्रतिदिन सुबह होने वाले ऑनलाइन ध्यान सत्र में डॉक्टर नम्रता पांडे ने सक्रिय ध्यान करवाया। समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने ओशोधारा के साधकों की मांग पर यह प्रोग्राम प्रारंभ किया है। जिसमें वरिष्ठ आचार्य प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे तक विभिन्न ध्यान क्रियाएं करवाते हैं। इसी कड़ी में डॉक्टर नम्रता पांडे नेपाल ने सक्रिय ध्यान करवाया। ओशोधारा-365 के सदस्य के लिए प्रति माह एक दरबार व प्रत्येक रविवार को समर्थगुरु द्वारा लिया जाने वाले ऑनलाइन धर्म चक्र सत्संग का विशेष आमंत्रण रहता है।

# बतरा व ग्रोवर के दौरे का असर, अल्टीमेटम के बाद कच्चा बेरी रोड के नालों की सफाई शुरू

## नगर निगम के संयुक्त आयुक्त सैनी ने अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ 15 कर्मचारी एवं दो जेसीबी मशीन कार्य पूरो करने में जुटी

कच्चा बेरी रोड के नालों की सफाई करवाने के लिए नगर निगम के संयुक्त आयुक्त राकेश सैनी ने सोमवार को अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टीम को सफाई कार्य शुरू करने के निर्देश देकर काम शुरू करवाया। साथ ही पशु डेयरियों के आगे जाली लगाने के निर्देश दिए गए हैं कि ताकि गोबर सीवर में न जा सके। मंगलवार को ही पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर और कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा ने यहां का निरीक्षण किया था।

बत्रा ने तो अधिकारियों को एक सप्ताह का अल्टीमेटम तक दे दिया था। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त राकेश सैनी ने बताया कि कच्चा बेरी रोड पर नालों के भराव के बारे में शिकायतें मिल रही थी। जिसके स्थाई समाधान के लिए कच्चा बेरी रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर अभियंता तरूण कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक सुन्दर सिंह, सहायक सफाई निरीक्षक कृष्ण लाल आदि उपस्थित रहे। मौके पर ही नाले की सफाई के कार्य के लिए नगर निगम की टीम को लगाया गया। नालों की सफाई का कार्य आरंभ किया जा चुका है। इस कार्य को 15 कर्मचारियों एवं दो जेसीबी मशीन की मदद से पूरा किया जाएगा। मुख्य सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द नाले की सफाई करवाई जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### डेयरी संचालकों को निर्देश

इसके अतिरिक्त डेयरी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे गोबर, तूड़ी, कूड़ा आदि नालों में न बहाएं। सभी स्वयं अपनी जिम्मेदारी निभाए। अपनी-अपनी डेयरी के बाहर जाली लगाए ताकि गोबर व तूड़ी नालों, सीवर में न जा सकें।





**रोहतक।** नगर निगम कर्मचारी कार्य करते हुए और संयुक्त आयुक्त राकेश सैनी सफाई कार्य शुरू करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

अधिकारी व्यवस्था देखने के लिए दोबारा भी निरीक्षण करेंगे।

आमजन की सुविधा के लिए नगर निगम द्वारा हेल्प लाईन नम्बर जारी किए गए हैं। वे घर-घर से कूड़ा उठान की शिकायत के लिए सम्बन्धित एजेंसी के मोबाइल नं0 9053097001 व 9053097002 पर कॉल कर सकते हैं। किसी क्षेत्र में सफाई से सम्बन्धित कोई भी समस्या हो तो उसकी शिकायत नगर निगम कार्यालय के टोल फ्री नं0 18001805007 व 14420 पर या स्वच्छ ऐप पर दर्ज करवाएं। इसके अतिरिक्त यदि आपके आस-पास में कोई स्ट्रीट लाइट खराब है तो उसकी शिकायत नगर निगम के स्ट्रीट लाईट शिकायत केन्द्र के दूरभाष 7027845050, 8059988940 पर करें, जिसे नगर निगम की टीम द्वारा तुरंत ठीक करवाया जाएगा।

### दिया था अल्टीमेटम

डेयरी एरिया में लोगों की समस्या की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा ने भी मौके का निरीक्षण किया था। बत्रा ने कहा था कि सप्ताह में प्रशासन नालों को साफ करवाए और गोबर की समस्या का समाधान करें नहीं तो यहां पर धरना दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की थी कि डेयरिया यहां से शिफ्ट की जाए और नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

**यह है मामला:** मंगलवार को पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर अधिकारियों के साथ कच्चा बेरी रोड पर पहुंचे। उन्होंने समस्याओं के निपटारे के लिए नगर निगम और पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। दुकानदारों ने सीवरेज की समस्या के बारे में बताया। पूर्व मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुकानदारों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने सीवरेज की समस्या को निपटाने के निर्देश दिए।

# खनन करने वालों पर कार्रवाई करने पहुंची टीम, हाईवा छोड़कर भागा चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

■ सीएम फ्लाइंग, गुप्तचर व माइनिंग विभाग की टीम पहुंची थी भैंसरू खुर्द

सोमवार की सुबह सीएम फ्लाइंग, गुप्तचर व माइनिंग विभाग की टीम भैंसरू खुर्द में खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई के लिए पहुंची। विभाग की टीम देखकर मिट्टी लेकर आ रहा हाइवा चालक रास्ते में ही गाड़ी छोड़कर मौके से पर हो गया। जिससे रास्ता बाधित हो गया और विभाग की तीनों टीमों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा।

इलाके के कई गांव में खनन का काम जोरशोर से चल रहा है। ज्यादातर खनन माफिया शनिवार, रविवार और अन्य सरकारी अवकाश के दिन मिट्टी उठाने का ज्यादा काम करते हैं। पिछले कई दिनों से विभाग को खनन का जोरों से काम चलने की शिकायत मिल रही थी। सोमवार को गुप्तचर विभाग, खनन विभाग व सीएम फ्लाइंग की टीम बताई गई लोकेशन के अनुसार भैंसरू खुर्द के खेतों की तरफ पहुंची। जैसे ही टीम भैंसरू खुर्द नहर के साथ रास्ते से खेतों की तरफ चली तो सामने से मिट्टी से भरा एक हाइवा ट्रक आता नजर आया। कई गाड़ी देखकर हाइवा चालक मामले को समझ गया और गाड़ी को रास्ते में ही छोड़कर फरार हो गया।

## चोरी की वारदात में दो आरोपी किए गिरफ़्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने किलोई मंदिर में हुई चोरी की वारदात के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर हासिल किया गया है। सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि किलोई दोपाना निवासी सौरभ की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि सौरभ किलोई शिव मंदिर कमेटी का अध्यक्ष है। मंदिर में खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए स्पोर्ट प्रमोशन क्लब बना हुआ है। सेना के जवान नरेंद्र, मदन, विनोद के फोन व नरेंद्र के पर्स से 2400 रुपये चोरी हुए मिले। आरोपी पंकज व रोहित निवासी किलोई को गिरफ्तार किया गया है।

# ब्लॉक समिति वाइस चेयरमैन पर हमले का प्रयास , सीआईए-2 में घुसकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ बदमाशों ने हथियार दिखाकर गाड़ी रुकवाने का किया प्रयास

दिल्ली रोड स्थित जाट भवन के पास सांपला ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन पर हमले का प्रयास करने का मामला सामने आया है। शीला बाइपास से अपनी गाड़ी में गांव अटायल अपने घर जाने के लिए चला था। इस दौरान बदमाशों ने वाइस चेयरमैन की गाड़ी का पीछा किया।

पीछा करने वालों ने उसे हथियार दिखाकर गाड़ी रुकवाने का भी प्रयास किया। लेकिन पीछा होते देख वाइस चेयरमैन ने सीआईए-2 में घुसकर अपनी जान बचाई। आरोपियों ने पिछले दिनों झगड़े का समझौता करवाने पर यह हमला करने का प्रयास किया है। जिसकी शिकायत पुलिस को दे दी।पुलिस को दी शिकायत में गांव अटायल निवासी सुनील ने बताया कि वह सांपला ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन हैं। उन्होंने बताया कि वे 28 जनवरी की रात करीब 9 बजकर 50 मिनट पर शीला बाईपास से घर जाने के लिए चले थे। पीछे से एक गाड़ी आई और गाडी में सवार बदमाशों ने उसे हथियार दिखाकर गाड़ी रोकने के लिए कहा। गाड़ी नहीं रोकने पर जान से मारने की धमकी दी।

